दिन– गुरुवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 06 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए एक सौ इक्कीस सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जारी है मतदान। तीन करोड़ पचहत्तर लाख से अधिक मतदाता एक हजार तीन सौ चौदह प्रत्याशियों के भाग्य का करेंगे फैसला।

02. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव समेत कई दिग्गजों की चुनावी किस्मत दांव पर।

03. बिहार के निर्वाचन को देखने आये अन्तरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने आज नालंदा जिले में चुनाव और मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया।

04. और, विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भागलपुर और अररिया में चुनावी सभाएं करेंगे।

---

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। इस चरण में पटना, मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, भोजपुर और बक्सर जिले में वोट डाले जा रहे हैं। चुनाव आयोग के अनुसार सिमरी–बख्तियारपुर, महिषी, मुंगेर और जमालपुर विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान का समय शाम पांच बजे तक निर्धारित है। इसके अलावा सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र के छप्पन मतदान केन्द्रों पर भी अपराह्न पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे। अब तक नौ प्रतिशत मतदान होने की खबर है।

---

प्रथम चरण के मतदान को लेकर उत्साह का माहौल है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि कई मतदान केन्द्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। साथ ही मतदान केन्द्रों पर नागरिक सुविधाओं की भी पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। पटना जिले के मोकामा विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हो रहा है। मोकामा में मतदान की रफ्तार क्या है, जानने के लिए सीधे रूख करते हैं हमारे संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार राय का। जी धर्मेन्द्र बताये कैसा है मतदान का उत्साह...

———बाईट———

अब रूख करते हैं, मुंगेर के तारापुर विधानसभा क्षेत्र का। हमारे संवाददाता अनुपम मिश्र लगातार नजर बनाये हुये हैं। अनुपम बताये कैसी है उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की चुनावी किस्मत का फैसला करने वाली इस सीट पर मतदान की रफ्तार।

———बाईट———

सीवान की रघुनाथपुर सीट पर सबकी नजरे बनी है। यहां मतदान के लिए क्या कुछ विशेष प्रबंध किये गये हैं। इसका ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता अजय कुमार।

———बाईट———

वैशाली जिले की राघोपुर सीट महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के चुनाव मैदान में होने के कारण हॉट सीट है। क्या है यहां मतदान की स्थिति, जानते हैं हमारे संवाददाता सकलैन अख्तर से, सकलैन राघोपुर में क्या दिख रहा है। पहले मतदान फिर जलपान के संदेश को असर।

———बाईट———

अब चलते हैं नालंदा जहां से मतदान का जायजा दे रहे हैं हमारे संवाददाता निरंजन कुमार। जी निरंजन बताये क्या है सूरत–ए–हाल।

———बाईट———

दरभंगा से हमारे संवाददाता मणिकांत झा ने बताया है कि जिले विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही बड़ी संख्या मतदताओं की भीड़ देखी जा रही है। और ब्यौरे के लिए सीधा चलते हैं, मणिकांत के पास।

———बाईट———

अब रूख करते हैं, समस्तीपुर का। जहां से हमारे संवाददाता कृष्ण कुमार बता रहे हैं मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के उत्साह और अन्य प्रबंध के बारे में।

———बाईट———

---

पहले चरण में एक सौ बाईस महिला समेत एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में नीतीश सरकार के सोलह मंत्रियों की चुनावी किस्मत का फैसला होगा। इसमें से ग्यारह भाजपा कोटे के मंत्री हैं। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तारापुर तथा विजय कुमार सिन्हा लखीसराय निर्वाचन क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव वैशाली जिले के राघोपुर विधान सभा क्षेत्र से चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। तेजस्वी यादव के बड़े भाई, पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव, राष्ट्रीय

जनता दल से निकाले जाने के बाद इस बार अपनी सीट बदलकर महुआ निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़े रहे हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी और छह बार विधायक रहे राज्य के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समस्तीपुर जिले के सरायरंजन विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। लोक गायिका मैथिली ठाकुर दरभंगा के अलीनगर और भोजपुरी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता तथा गायक शत्रुघन यादव उर्फ खेसारी लाल यादव सारण जिले के छपरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं।

---

बिहार के निर्वाचन को देखने आये अन्तरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने आज नालंदा जिले में चुनाव और मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग के अंतर्राष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम दो हजार पच्चीस के तहत विधानसभा चुनाव को देखने के लिए सात देशों के प्रतिभागी दो दिवसीय बिहार दौरे पर है। इनमें फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, बेल्जियम, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड और कोलंबिया के चौदह प्रतिभागी शामिल हैं।

---

मतदाता वोटिंग के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा बारह अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में से किसी एक का उपयोग कर सकेत हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसर वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, आयुष्मान भारत के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, विशिष्ट दिव्यांगता आईडी कार्ड, और पासपोर्ट समेत अन्य पहचान पत्र शामिल हैं।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार कार्य जोरों पर है। सभी पार्टियों के प्रमुख नेता कई जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। इसके साथ ही रोड शो के माध्यम से भी अपनी पार्टी और गठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में भागलपुर और अररिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण और मधुबनी में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सीतामढ़ी और पूर्वी चम्पारण जिले में जनसभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज मधुबनी, सुपौल, किशनगंज, कटिहार और पूर्णियों जिले में अठारह

जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इधर, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी मधुबनी जिले के बेनीपट्टी में चुनावी सभा करेंगी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने चुनाव से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है– मतदान महापर्व आज, बिहार चुनाव में आपकी बारी, पहले वोट डाले फिर बाकी काम।

दैनिक जागरण लिखता है– हर बूथ पर नजर, साढ़े चार लाख जवान तैनात।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है–आधा बिहार आज लिखेगा फैसला।

प्रभात खबर की सुर्खी है– आज सोलह मंत्रियों समेत कई बड़े नामों की किस्मत का फैसला।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– एक हजार तीन सौ चौदह प्रत्याशियों का भविष्य तय करेंगे तीन करोड़ पचहत्तर लाख वोटर।

आज अखबार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– लालू ने परिवार को ही दिया बढ़ावा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए एक सौ इक्कीस सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जारी है मतदान। तीन करोड़ पचहत्तर लाख से अधिक मतदाता एक हजार तीन सौ चौदह प्रत्याशियों के भाग्य का करेंगे फैसला।

02. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव समेत कई दिग्गजों की चुनावी किस्मत दांव पर।

03. बिहार के निर्वाचन को देखने आये अन्तरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने आज नालंदा जिले में चुनाव और मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया।

04. और, विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भागलपुर और अररिया में चुनावी सभाएं करेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।